तापमान

अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 16 .2 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025



9 किराए पर दिए जाएंगे 1600 से ज्यादा हाउसिंग बोर्ड फ्लैट





10 जीटी रोड पर बने अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा




## खबर संक्षेप

### डीएलएसए के जागरूकता कैंप आज से

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं डीएलएसए के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि डीएलएसए द्वारा 19 मार्च से जिला में जागरूकता कैंप शुरू होंगे। जिनमें महिलाओं को उनके अधिकारों, पोक्सो एक्त, नालसा हैल्प लाईन नंबर 15100 तथा लोक अदालत के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाएगा। 19 मार्च से 22 मार्च व 25 मार्च को यह कैंप गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि, 19 को गांव खिजरपुर जट रावमावि, 21 को गांव कुमासपुर रावमावि, 24 को गांव न्यात तथा गांव सिटावली के राउवि व 26 मार्च को गांव रोलद लतीफपुर रामावि में कैंप आयोजित किया जाएगा।

### जुआं गुरुकुलम का वार्षिकोत्सव 22 से

**सोनीपत।** गांव जुआं स्थित वैदिक ज्ञान योग महाविद्यालय का सोलहवें वार्षिकोत्सव एवं सत्संग का दो दिवसीय समारोह का 22 मार्च से शुरू होगा। कॉलेज के संचालक आचार्य वेदनिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान यज्ञ के ब्रह्मा के तौर पर भजनोपदेशक स्वामी धर्मदेव रहेंगे। वहीं स्वामी सम्पूर्णानंद, स्वामी सर्वानंद, आचार्य वेदव्रत, आचार्य हरिनिवास, आचार्य सत्यवान आमंत्रित विद्वान हैं। आचार्य वेदनिष्ठ के अनुसार कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, एमडीएच के प्रतिनिधि जितेंद्र भाटिया, पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज, दिनेश कटारिया सबोली आमंत्रित हैं।

### दादा मोहनदास धाम में माता का भंडारा 21 को

**सोनीपत।** लहराड़ा के दादा मोहनदास धाम में 21 मार्च को शीतला माता का भंडारा लगेगा। सुनील बैरागी उर्फ भोले बाबा ने बताया कि 21 मार्च को सुबह हवन होगा। फिर इसके बाद 11 बजे भंडारा शुरू होगा। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान, पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन, बाबा देवीनाथ, शम्भूनाथ, मौनीबाबा उपस्थित रहेंगें।

## जिला आयुर्वेदिक विभाग में चूहों का आंतक

# आयुर्वेदिक विंग में रखी थी दवा की 500 पेटियां, 50 को चूहों ने कुतरा, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल परिसर में बने आयुर्वेदिक विभाग में चूहों को आंतक देखने को मिला। चूहों ने पेटियों में रखी करीब पचास पेटी दवाइयों को नुकसान पहुंचा दिया। नुकसान का पता चलने पर विभाग की तरफ से दवाइयों को वितरित करने का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया। जिसके बाद आयुष विभाग में सभी सीएचसी और पीएचसी के लिए दवाइयां वितरित की। जानकारी के अनुसार नागरिक अस्पताल परिसर में स्थापित आयुष विंग की ईमारत में दवाइयां को की जगह कम है। वेयर हाउस से भेजी गई दवाइयों को रखने के लिए जगह प्रर्याप्त न होने पर उन्हें बरामदे में रखना पड़ता है। ईमारत में सीढियों के नीचे व बरामदें में रखी पेटियों को चूहों ने कुतर दिया। सीढ़ी के नीचे से चूहे दवाइयों के पेटियों तक पहुंच। जिसके बाद चूहों ने उन पेटियों को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया।





सोनीपत। अस्पताल में चूहों द्वारा कुरती गई दवाइयों की पेटियां। फोटो: हरिभूमि।

### दवाइयां रखने को नहीं जगह

अस्पताल में दवाइयां की क्षति होने के बाद सीएचसी और पीएचसी के कर्मचारियों को बुलाकर दवाइयां वितरित की गई है। आयुष विंग में आयुर्वेदिक दवाइयां की लगभग 500 पेटी रखी हुई थी। जिनको चूहा ने काफी संख्या में कुतर दी है नागरिक अस्पताल में दवाइयां को रखने के लिए पर्याप्त स्थान ही नहीं है, जिसके कारण ऐसी घटना घट रही है।

### जिले में सभी सीएचसी व पीएचसी में पहुंचाई जा रही आयुर्वेदिक दवाइयां



सोनीपत। दवाइयों को गाड़ी में लोड़ करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि।

परिसर में आयुर्वेदिक विभाग की विंग है। जिसमें मरीजों के उपचार के लिए चिकित्सक व स्टोर स्थापित है। विभाग की तरफ से काफी मात्रा में दवाइयां पहुंची थी। जिन्हें परिसर में बनी विंग में रखा गया था। दवाइयों को केंद्रों पर वितरित करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। जिसके चलते मंगलवार को दवाइयां वितरित की गई। इस संबंध में विंग के अधिकारी से बातचीत की जा रही है।

डा. जयंत आहुजा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।



सोनीपत। चूहों द्वारा कुतरी गई दवाइयां

## दो साल से गांव का एक युवक नाबालिग को कर रहा था परेशान प्रताड़ना के चलते निगला जहर



- मोहाना थाना क्षेत्र के गांव का मामला
- छेड़छाड़ कर किसी को बताने पर दी थी जान से मारने की धमकी

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग लड़की को दो साल तक परेशान करने व प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगलने के आरोप का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नाबालिग ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

महिला एसआई सुदेश ने बताया कि गत 15 मार्च को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर से नाबालिग लड़की द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां नाबालिग लड़की के बयान दर्ज किए। लड़की ने बताया कि गांव का लड़का उसे दो साल से परेशान कर रहा है। डर के चलते उसने किसी से कुछ नहीं बताया। गत दिनों पहले भी उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रताड़ना से तंग आकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# खेड़ी तगा के सरपंच की होगी जांच बीडीपीओ ने गठित की जांच कमेटी

- जांच कर विभाग को कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी रिपोर्ट
- सरपंच वेदप्रकाश पर विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी तगा गांव में एक महिला के गरीबी रेखा से नीचे होने के बावजूद मकान निर्माण के लिए भेदभाव करने के आरोप में उपायुक्त ने गांव के सरपंच के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। सरपंच वेदप्रकाश के खिलाफ ग्राम पंचायत द्वारा करवाए गए विकास कार्यों में अनियमितता बरतने की भी शिकायतें मिल रही थी। शिकायतकर्ता शीला देवी ने इसकी शिकायत पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से की थी। शिकायतकर्ता शीला देवी ने बताया कि सरपंच द्वारा चुनावी रंजिश रखते हुए उन्हें मकान निर्माण के लिए आर्थिक मदद नहीं दिलवाई जा रही। जबकि सरकार की तरफ से उन्हें मकान निर्माण करने का पात्र माना गया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पंचायत मंत्री ने उपायुक्त सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर उपायुक्त मनोज कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान और सरपंच वेदप्रकाश द्वारा करवाये गए व अन्य विकास कार्यों की जांच के लिए रिकार्ड मंगवा कर जांच रिपोर्ट उन्हें सौंपने के भी आदेश दिए हैं।

### चार सदस्यीय कमेटी का किया गठन रिकार्ड की करेगी जांच: बीडीपीओ

खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी पूनम चंद्रा ने बताया कि पंचायत मंत्री ने उपायुक्त सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मामले की जांच के लिए कार्यालय से कार्यवाहक एसईपीओ, एसडीओ पंचायत विभाग, जेई, ग्राम सचिव की कमेटी बनाई है। वे सोमवार तक जांच के बाद रिर्पोट सौपेंगे। जांच उपायुक्त को भेज दी जाएगी।

## चेचेरे भाइयों पर संपत्ति खुर्द-बुर्द करने का आरोप

**खरखौदा।** झरोठी की बेटी ने चचेरे भाइयों पर अपनी जायदाद बेचने का आरोप लगाया है। संगीता ने बताया कि वें दो बहने हैं, व उनका कोई सगा भाई नहीं है। माता-पिता का देहांत हो चुका है। अब उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया। जब वह अपने गांव झरोठी आई, तो पता चला कि उनके हिस्से का पुश्तैनी मकान उसके चचेरे भाई मनजीत, सुनील व उनकी माता राजबाला ने धोखाधड़ी से गांव के एक व्यक्ति को बेच दिया है। जब वह रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने गई तो महिला सिपाही ने शिकायत दर्ज करने की बजाय कोर्ट में जाने की सलाह दी। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर पुलिस ने केस दर्ज किया। संबंधित निरीक्षण अधिकारी को मलकीयत के सबूत पेश कर दिए गए थे। इसके बावजूद उसे पुलिस थाना के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# गर्भवती के पेट पर मारी लात, गर्भ में बच्चे की मौत का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- महिला ने मृत बच्चे को दिया जन्म, पति को अस्पताल में बुलाया की गाली-गलौज
- ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना व शारीरिक शोषण करने का आरोप, विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला के पेट में लात मारने व डिलीवरी के दौरान मृत बच्चे के पैदा होने सहित दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

चिंतपूर्णी कॉलोनी निवासी ज्योति ने उसकी शादी वर्ष 2020 में साहिल के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे मानसिक प्रताड़नाएं दी जाने लगी। महिला ने बताया कि वह गर्भवती हो गई। उसके पति ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके पेट में लात मारी। उसकी सास ने पेट पर गुस्सा मार दिया। उसके बाद जान से मारने की नीयत से उसके मुंह को पानी में डुबो दिया। उसे बंद कमरे में रोक दिया। जिससे व मानसिक परेशान रहने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेट का दर्द कम नहीं हो रहा था। वह अपनी मौसी के साथ खरखौदा स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र पर पहुंची। जहां उसने जांच करवाई। गर्भ में उसका बच्चा मृत बताया गया। उसके बाद वह अस्पताल में पहुंची। जहां उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से उसे परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पेंशन धारक अब हो जाएं सावधान

# आज से शिविर आयोजित कागजातों की होगी जांच

- वार्ड स्तर पर किया जाएगा जांच शिविरों का आयोजन
- दिसंबर व जनवरी में शुरू हुए थे दस्तावेजों के जांच शिविर
- अब तक काफी संख्या में पेंशन धारक नहीं करवाए पाए हैं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिन पेंशनधारकों के कागजातों की जांच नहीं हो पाई थी। ऐसे पेंशनधारकों को एक और मौका दिया गया है। समाज कल्याण विभाग व नगर निगम की ओर से पेंशनधारकों के लिए 19 मार्च से वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जाएंगें। बता दें कि पेंशनधारकों के कागजात की जांच करने के लिये पहले भी शिविर लगाए गए हैं।

वार्ड स्तर पर आयोजि होने वाले शिविर में और इसके बाद चार दिन नगर निगम कार्यालय में पेंशन का सत्यापन नहीं करवा पाए हैं। उनके लिए प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य, नगर निगम व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की टीम का गठन कर शहर के पेंशन धारकों के दस्तावेजों की जांच करवाई जा रही है। पहले दिसंबर व जनवरी में हर वार्ड में शिविर लगाकर पेंशन धारकों के दस्तावेजों की जांच करवाई गई, लेकिन इन शिविरों में अपने दस्तावेजों की जांच करवाने से बहुत से लोग वंचित रह गए थे। उसके बाद फरवरी में निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से कैंप नहीं लग सके। अब भी काफी पेंशनधारक ऐसे रह गए हैं जिन्होंने अब तक पेंशन के लिए दस्तावेज सत्यापित नहीं कराए है।

### किस वार्ड के कब और कहां लगेंगे शिविर

- ▶▶ 19 मार्च : वार्ड नंबर 1, 2 व 5 के पेंशनधारकों के लिए बाबा धाम मंदिर के पीछे वार्ड नंबर 5 स्थित सामुदायिक भवन में कैंप लगाया जाएगा।
- ▶▶ 20 मार्च: वार्ड नंबर 3 व 4 के पेंशनधारकों के लिए सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक भवन।
- ▶▶ 21 मार्च: वार्ड नंबर 6 के लिए गांव गढ़ शहजानपुर स्थित राजकीय पाठशाला।
- ▶▶ 22: मार्च : वार्ड नंबर 7 के पेंशनधारकों के लिए गांव रायपुर स्थित सामुदायिक भवन।
- ▶▶ 24 मार्च: वार्ड नंबर 8 के पेंशनधारकों के लिए गांव राई स्थित सामुदायिक भवन।
- ▶▶ 25 मार्च: वार्ड नंबर 9 के पेंशनधारकों के लिए गांव राठधना स्थित राजकीय पाठशाला।
- ▶▶ 26 मार्च: वार्ड नंबर 10 के पेंशनधारकों के लिए सिक्का कॉलोनी स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर।
- ▶▶ 27 मार्च: वार्ड नंबर 11 के पेंशनधारकों के लिए कच्चे क्वार्टर स्थित जंजघर में शिविर लगाया जाएगा।
- ▶▶ 28 मार्च: वार्ड नंबर 12 के लिए मॉडल टाउन स्थित मित्तल नर्सिंग होम के पास राजकीय पाठशाला।
- ▶▶ 29 मार्च: वार्ड नंबर 13 के पेंशनधारकों के लिए कबीपुर स्थित सैनी भवन
- ▶▶ 1 अप्रैल: वार्ड नंबर 14 के पेंशनधारकों के लिए रोहतक रोड खाटू श्याम मंदिर के पास सामुदायिक भवन।
- ▶▶ 2 अप्रैल : वार्ड नंबर 15 के पेंशनधारकों के लिए गुड़ मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला।
- ▶▶ 3 अप्रैल : वार्ड नंबर 16 व 17 के पेंशनधारकों के लिए कालूपुर स्थित राजकीय पाठशाला।
- ▶▶ 4 अप्रैल: वार्ड नंबर 18 व 19 के पेंशनधारकों के लिए सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक भवन
- ▶▶ 4 अप्रैल: वार्ड नंबर 20 के पेंशनधारकों के लिए गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला।

### पेंशन धारकों के इन दस्तावेजों की होगी जांच

- ▶▶| पेंशनधारक की फैमिली आईडी होनी आवश्यक है।
- ▶▶| पेंशनधारक का आधार कार्ड होना अनिवार्य है।
- ▶▶| पेंशनधारक का मतदाता पहचान पत्र या आयु प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।
- ▶▶| पेंशनधारक का बैंक कॉपी अर्थात अपना बैंक खाता होना अनिवार्य है।
- ▶▶| यदि कोई दिव्यांगता है तो उसके पास दिव्यांग प्रमाणपत्र होना चाहिए।
- ▶▶| मृत्यु प्रमाणपत्र (विधवा पेंशन के लिए आवश्यक दस्तावेज) आवश्यक है।

उनकी सुविधा के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की ओर से 12 मार्च को दिए गए निर्देश के बाद पेंशन शिविर की शुरुआत की जा रही है। यह शिविर 19 मार्च से 5 अप्रैल तक लगाए जाएंगे। जांच शिविर में सभी पेंशनधारकों को अपने दस्तावेजों की जांच करवानी होगी।

# एएसआई को पैतृक गांव हलालपुर में सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

- आईटीबीपी कैंप रायपुर में साथी जवान की थी हत्या

**खरखौदा।** हलालपुर गांव निवासी एवं छत्तीसगढ़ के रायपुर के एक आईटीबीपी कैंप में एएसआई 56 वर्षीय देवेंद्र दहिया की साथी जवान सरोज कुमार ने 18 गोलियों मारकर हत्या कर दी। मंगलवार को गांव में सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि वर्दी ठीक से न पहनने पर आरोपी को दो बार डांटा था। जिससे खफा होकर सोमवार सुबह टोका तो उसे बुरा लगा। बाद वह कैंप में अपने घर में गया और वहां पर खाना खाकर आया, रास्ते में उसे देवेंद्र दहिया जाते हुए दिखाई दिए तो पीछे से ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी। आरोपी का एक भी फायर मिस नहीं हुआ। खरोड़ा के मुडपार आईटीबीपी कैंप में वारदात हुई। आईटीबीपी के अधिकारी एवं जवान शव को लेकर एएसआई देवेंद्र के पैतृक गांव हलालपुर में पहुंचे और सलामी के साथ उन्हें विदाई दी।



देवेंद्र दहिया को अंतिम सलामी देते जवान।

# 20 हजार में बेटे की मौत का सौदा, शराब पीने से परेशान

- गांव छतैहरा में पिता ने नौकर से करवाई थी हत्या

**गोहाना।** गांव छतैहरा में बेटे के शराब पीकर झगड़ा करने से परेशान पिता ने नौकर को 20 हजार रुपये का लालच देकर बेटे की हत्या करवाई थी। हत्या की वारदात में पुलिस ने पिता व नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार सुबह छतैहरा के निक्कू के चाचा का लडक्का राकेश, चाचा जगबीर उर्फ पप्पू और पड़ोसी संदीप खेत में काम करने गए थे। निक्कू खेत में बने कमरे में खून से लथपथ मृत मिला था। शरीर पर चोट के निशाना थे। जिससे लगा था कि शराब पीकर गिरने से निक्क मौत हो गई। जिससे बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। संदेह के बाद पूछताछ करने पर अमन ने बताया था कि रणबीर के कहने पर उसने निक्कू की हत्या की। सीआईए प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में पिता रणबीर व नौकर मकडौली के अमन उर्फ मामन को गिरफ्तार किया। निक्कू ने पशु डेरी चलता था। रणबीर डेढ़ माह पहले मकडौली में भैंस खरीदने गया तो अमन को डेयरी में काम करने के लिए साथ ले आया। रणबीर ने अमन को बेटे की हत्या के लिए 20 हजार का लालच दिया था।

## बाबा बर्फानी व हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनने शुरू

# पहले दिन सात लोगों ने बनवाए प्रमाण पत्र

- तीन जुलाई से 9 अगस्त तक जारी रहेगी अमरनाथ यात्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला वासी जम्मू कश्मीर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालु तीन जुलाई से जा सकेंगे। अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच और पीएनबी मॉडल टाउन में पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अस्पताल में चिकित्सा जांच कराने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। मंगलवार को सात श्रद्धालुओं ने नागरिक अस्पताल में पहुंचकर अपनी चिकित्सा जांच कराई।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू करने के आदेश जारी किए है। अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त तक जारी रहेगी। सावन में श्रावणी मेले के दौरान बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद जिला नागरिक अस्पताल में श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को विभिन्न गांवों से सात श्रद्धालुओं ने अपनी चिकित्सा जांच करवाकर प्रमाण पत्र बनवाए।



सोनीपत। बाबा के दर्शन करने के लिए अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने पहुंचे।

### गर्भवती महिलाएं नहीं कर सकेंगी अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की उम्र 14 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 6 सप्ताह या उससे ज्यादा की गर्भवती महिलाएं अमरनाथ की यात्रा नहीं कर सकती। अमरनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी ऊंचाई पर जाना पड़ता है, जिसकी वजह से सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। यही कारण है कि अस्थमा और फेफड़ों से संबंधित तकलीफ से जूझने वाले श्रद्धालु इस यात्रा के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं माने जाते है। विभाग की तरफ से मेडिकल जांच शुरू कर दी है।

*-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी पीएमओ नागरिक अस्पताल।*

### इन्होंने करवाई जांच

जिनमें गांव शहजादपुर से पवन शर्मा व देवेंद्र 11वीं बार, हर्ष दूसरी बार, जुआं से अनिल और पलड़ी से दीपक व प्रवेश दूसरी बार, अगवानपुर से विनय कुमार पहली बार अमरनाथ यात्रा पर जाएंगे। सभी श्रद्धालु मंगलवार को जांच के लिए अस्पताल पहुंचे।

# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज



**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

## लाइफ Style



# समीरा
## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।



# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।




***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल
## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।



### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर



*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*

**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्र से गैस सिलेंडर चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से गैस सिलेंडर के चोरी होने का मामला सामने आया है। केंद्र पर तैनात कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।गांव कुंडली निवासी बबीता ने बताया कि वह गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात है।

### हवाई फायर करने का आरोपित दबोचा

**खरखौदा।** होली की रात खरखौदा अनाज मंडी में आकर एक कार चालक युवक हवाई फायर कर मौके से फरार हो गया था। जिसे खरखौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, आरोपी सिसाना का रहने वाला विजय है, जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर उसे जमानत मिल गई।14 मार्च को झज्जर, जसौर खेड़ी के विकास ने शिकायत दी थी कि वह अनाज मंडी खरखौदा की एक दुकान पर काम करता है।

### हमला करने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने तेजधार हथियार से हमला कर सिर पर गंभीर चोट मारने की वारदात में शामिल नाबालिग सहित दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिनेश निवासी दरभंगा बिहार व नवीन निवासी समस्तीपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित नाबालिग को बाल सुधार व दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### वाहन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर सोनीपत थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ मोनू निवासी ककरोई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वेस्ट राम नगर निवासी जितेंद्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था।

### फ्लैट के नीचे से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में टीडीआई सिटी में स्थित फ्लैट के नीचे से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बुड़शाम हाल में टीडीआई सिटी कुंडली निवासी नवीन ने बताया कि उसने गत 15 मार्च को अपनी बाइक को फ्लैट के नीचे खड़ा किया था।

### चोरों ने राजकीय स्कूल को बनाया निशाना

**खरखौदा।** चोरों ने राजकीय विद्यालय जटोला से काफी सामान चोरी कर लिया है। अध्यापक जयदीप ने बताया कि शाम के समय वह विद्यालय का ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगली सुबह विद्यालय पहुंचकर देखा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ पाया। जांच किए जाने पर पता चला कि एक सीपीयू, दो इनवर्टर बैटरी और रसोई घर से एक गैस सिलेंडर व एक बड़ा पीतल का पतीला चोरी हो चुका है।

### मटिंडू में दो परिवारों में झगड़े में कई घायल

**खरखौदा।** मटिंडू गांव में एक परिवार के सदस्यों ने दूसरे परिवार के सदस्यों पर हमला कर घायल कर दिया। सुनीता ने बताया कि रात करीब 8 बजे वह अपने घर में परिवार के साथ मौजूद थी। उनके पड़ोस में रहने वाले नरेश, नीरज, मोनिका, पूजा व उनका रिश्तेदार दीपक व अन्य कुछ व्यक्ति अपने हाथों में लाठी, डंडे व तेज धार हथियार लेकर घर में घुस गए।

### जेनरेटिव एआई पर कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में जेनरेटिव एआई पर कार्यशाला का आयोजन किया । मुख्य वक्ता प्रतीक और उत्कर्ष उपाध्याय ने जेनरेटिव एआई की कार्य प्रणाली, इसके अनुप्रयोग, एथिकल चिताओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर अजय द्वारा आयोजित किया गया।

---

### उपायुक्त ने कुंडली सेक्टर 60, सेक्टर 10 सहित सभी फ्लैट का किया निरीक्षण

# इंडस्ट्रियल एसोसिएशनों को किराए पर दिए जाएंगे 1600 से अधिक हाउसिंग बोर्ड फ्लैट

निरीक्षण के पश्चात राई रेस्ट हाउस में एसो के पदाधिकारी व अधिकारियों के साथ मीटिंग की

## 20 से 25 वर्ष की अवधि के लिए किराए पर दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** कुंडली स्थित फ्लैट्स का निरीक्षण करने पहुंचें उपायुक्त एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (आरएचसी) योजना शुरू की गई है। यह शहरी गरीब लोगों और प्रवासी श्रमिकों के लिए शुरू की गई एक पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन्हें किफायती किराए के आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जिले में हाउसिंग बोर्ड के खाली पड़े 1669 फ्लैट को इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के माध्यम से 20 से 25 वर्ष की अवधि के लिए किराए पर दिया जाएगा। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने इसके लिए मंगलवार को शहर के कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सेक्टर-7 में खाली पड़े हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट और सेक्टर-10, 18, 19, 35, 63, व 8 में भी मौके पर सभी प्लाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात राई रेस्ट हाउस में जिला की सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन हाउसिंग बोर्ड एचएसवीपी सहित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों, औद्योगिक श्रमिकों, छात्रों और अन्य गरीब लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक किराये के आवास प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कल मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट के दौरान इस योजना की शुरूआत की थी और उनके निर्देशानुसार आज ही इस पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना दो मॉडलों के तहत लागू की जा रही है। मीटिंग में उन्होंने कहा कि सोनीपत में सेक्टर 10 में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए 66 फ्लैट, सेक्टर 18 में 366, सेक्टर 17 में 239, सेक्टर 19 में 3, सेक्टर 35 में 58, सेक्टर 60 में 930, सेक्टर 63 में 4 और सेक्टर 8 में 3 फ्लैट उपलब्ध हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अपनी सुविधा के अनुसार उपलब्ध फ्लैटों का दौरा करें। उसके पश्चात ऑक्शन के माध्यम से यह फ्लैट सिर्फ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन को उपलब्ध करवाए जाएंगे। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में मौजूद फ्लैट को लेकर उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अपना एक मांग पत्र दे सकती है इन फ्लैट को दूसरे चरण में उपलब्ध करवाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कुण्डली औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के प्रधान धीरज चौधरी, राई औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन से परमहंस सोलंकी, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन से नवीन कौशिक व अमित, डीटीपी अजमेर ढूकसह, एचएफए पंचकुला से एमआईएस प्रियव्रत, एचएसवीपली से ईओ सिद्धार्थ, हाउसिंग बोर्ड से एक्सईएन आरए गौतम, एचएसआईआईडीसी राई से एसएच रोबिन, हाउसिंग बोर्ड से ईएम जसवंती, डीआईसी से ईओ मंजीत दहिया, सहायक लेबर कमिशनर सुनील नांदल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### इसी हालत में मिलेंगे

डीसी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह फ्लैट जिस भी स्थिति में है इस स्थिति में लेने होंगे और इनकी मरम्मत का कार्य अभी संबंधित संगठन द्वारा ही करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सभी फ्लैट लगभग 300 स्क्वायर फीट में है और छोटे होने के बावजूद इनमें सीवर सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। मीटिंग में कुंडली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सेक्टर 60 में टीडीआई व एचएसआई आईडीसी को जोडने वाले पुल के निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा 900 से ज्यादा फ्लैट यहां पर उपलब्ध हैं और अगर यह इंडस्ट्रियल एसोसिएशन को मिलते हैं तो श्रमिकों को जीटी रोड पार नहीं करना पड़ेगा। इस पर उपायुक्त ने कहा कि ड्रेन नंबर आठ पर पुल के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही इसका टेंडर कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

---


**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत विधानसभा में हलके की मांग उठाते हुए।

## डिस्पेंशनरी बनाना और डिस्पेंशनरी की क्षमता में बढ़ोतरी बहुत जरूरी : कृष्णा

- जठेड़ी में ईएसआई डिस्पेंशनरी खोलने की मांग को विधायक ने सदन में प्रमुखता से उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने विधानसभा स्तर के दौरान हरियाणा सहित राई विधानसभा के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बेहतरीन और शानदार बजट पेश करने पर सराहना की। गहलावत ने हर वर्ग व हर क्षेत्र की चिंता इस बजट में की गई है। बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब कल्याण सहित हर वर्ग के उत्थान की बात की गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री ने बजट में प्रदेश में 14 डिस्पेंशनरी बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मेरा विधानसभा क्षेत्र दिल्ली के साथ लगता है। वहां छोटे स्तर पर डिस्पेंशनरी छोटे स्तर पर किराए के मकान पर चल रही है। उन्होंने कुंडली क्षेत्र के नजदीक जठेड़ी गांव में ईएसआई डिस्पेंशनरी खोलने की मांग रखते हुए कहा कि एचएसआईआईडीसी की ओर से गांव में जमीन लेने का प्रस्ताव रखा हुआ है लेकिन जमीन के रेट ज्यादा होने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबंधित विभाग के मंत्री से आह्वान किया कि वे रियायती दरों पर गांव में जमीन देकर इस समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि गांव में डिस्पेंशनरी बनाना और डिस्पेंशनरी की क्षमता में बढ़ोतरी करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा डिस्पेंशनरी के बनने से मजदूर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने मंत्री अनिल विज से ईएसआई डिस्पेंशनरी खोलने की मांग को जल्द से जल्द पूरा कराने का आग्रह किया। विभाग के मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया कि इस कार्य को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जाएगा।

#### 14 डिस्पेंशनरी बनेगी

बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब कल्याण सहित हर वर्ग के उत्थान की बात की है। कहा कि सीएम ने बजट में प्रदेश में 14 डिस्पेंशनरी बनाने की बात कही गई है। कहा कि मेरा विधानसभा क्षेत्र दिल्ली के साथ लगता है।

---

### 16 नशेड़ियों का ओएसटी सेंटर में करवाया उपचार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस की तरफ से नशे के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान को थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया। जिसके चलते सिक्का कॉलोनी, दिल्ली कैंप, हुड्डा पार्क के पास नशा करने वाले 16 व्यक्तियों को पकड़कर नागरिक अस्पताल के ओएसटी सेंटर में लेकर जाया गया। जहां उन्हें उपचार दिलाया गया। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि आमजन को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक अभियान की शुरुआत उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर थाना क्षेत्र में की गई। अभियान के तहत नशा मुक्त करने बारे सहयोग मांगा। मामले में कार्यवाही करते हुए 16 नशा करने वाले व्यक्तियों को काबू किया। उन्हें नागरिक अस्पताल के ओएसटी सेंटर में उपचार के लिए लाया गया। उन्हें नशा न करने को लेकर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी नशा तस्कर आपके क्षेत्र में नशा सप्लाई करता है।


**सोनीपत।** व्यक्तियों को अस्पताल में लेकर पहुंचे थाना प्रभारी व टीम।


**सोनीपत।** प्रतियोगिता के दौरान हिस्सा लेती प्रतिभागी छात्राएं।

### नारा लेखन स्पर्धा में रितु ने मारी बाजी

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाते वित्तीय साक्षरता विषय के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। संबंधित कार्यक्रम पर आयोजित कोलाज मेकिंग में कुमकुम ने बाजी मारी तो नारा लेखन स्पर्धा में रितु अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उपभोक्ता अधिकार दिवस के साथ विजेताओं को बधाई दी। जीवीएम के बीबीए विभाग के तत्वावधान में आयोजित विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का शुभारंभ आमंत्रित मुख्य वक्ता सीए राहुल गुप्ता व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। दौरान आमंत्रित वक्ता ने वित्तीय साक्षरता विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से वित्तीय प्लान्स और नीतियों से अवगत करवाया। विभागाध्यक्ष डा. प्रवीण व आस्था बतरा ने भी विजेताओं को बधाई दी।

### 1008 कुंडीय महायज्ञ के लिए दिया निमंत्रण

**गोहाना।** कुरुक्षेत्र में 18 से 27 मार्च तक 102 वां 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ आयोजित होगा। मां मोक्षदायिनी गंगाधाम ट्रस्ट के सौजन्य से यह महायज्ञ त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। मंगलवार को महायज्ञ के व्यवस्थापक पं. परशुराम गौड़ ने घर-घर जाकर लोगों को महायज्ञ का निमंत्रण दिया। पं. गौड़ ने बताया कि यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज द्वारा संकल्पित 108 महायज्ञों की श्रृंखला में ये 102 वां यज्ञ होगा। इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति के प्रचार के साथ प्राकृतिक आपदा से जीवों की रक्षा करना है। यह महायज्ञ 18 से 27 मार्च तक कुरुक्षेत्र में केशव पार्क के नजदीक सैनी धर्मशाला में आयोजित होगा। पं. परशुराम गौड़ ने घर-घर जाकर लोगों को महायज्ञ में आहुति डालने का निमंत्रण दिया। कहा कि महायज्ञ में आहुतियां डालने से समाज में सुख-समृद्धि का वास होता है।


**गोहाना।** महंत बाबा बालक नाथ को निमंत्रण पत्र देते पं. परशुराम गौड़।


**गोहाना।** कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ रिसोर्स पर्सन निधि जैन व प्रबंधक राजेश।

### एनईपी छात्रों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी

गोहाना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) पर गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ निधि जैन ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की। निधि जैन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा नीति का पूरा लाभ लेने के लिए इसकी शिक्षण प्रक्रिया को समझना आवश्यक है। जब शिक्षक इस नीति को अच्छे से समझ सकेंगे तभी वे विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि एनईपी छात्रों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी और शिक्षकों को नवीन शैक्षिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। यह सत्र शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। इसमें एनईपी 2020 के उद्देश्यों, शिक्षण पद्धतियों और कक्षा शिक्षण में इसकी प्रभावी रूप से क्रियान्वयन पर चर्चा की।


**सोनीपत।** सेमिनार के दौरान उपस्थित प्राचार्या, कॉलेज स्टाफ एवं छात्राएं।

### टीकाराम कन्या कालेज में सेमिनार

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में योगा साइंस डिपार्टमेंट द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन करवाया गया। सेमिनार का विषय रहा यौगिक जीवनशैली का विस्तार रहा। इस सेमिनार के गेस्ट स्पीकर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह रहे। डॉ. कुलदीप सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए यौगिक जीवन शैली को अपनाने, सात्विक आहार की उपयोगिता, निंद्रा का सही समय इत्यादि विषयो पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या गीता ने समय समय पर ऐसे सेमिनार की उपयोगिता जाहिर की। सभी छात्राओं ने यौगिक जीवनशैली को अपनाने का प्रण लिया। सेमिनार में विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन मान, डॉ. अल्का दहिया, सविता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## रोजगार कार्यक्रम में 15 छात्रों का चयन

### महाविद्यालय के चेयरमैन, डायेक्टर जरनल ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

चिरस्मी रोड स्थित डीआईटीएम कॉलेज में ग्लोपैक इंडस्ट्रीज द्वारा छात्रों के लिए कैंपस रोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कालेज के 106 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के कौशल और प्रतिभा का मूल्यांकन करते हुए 15 छात्रों का चयन किया गया। साक्षात्कार के सत्र के दौरान कॉलेज के चेयरमैन संजीव कुमार जैन और कॉलेज के डायरेक्टर जनरल डा. नीरज मौजूद रहे। छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में अच्छे अवसरों के लिए प्रेरित किया। ग्लोपैक इंडस्ट्रीज ने साक्षात्कार में चयनित छात्रों को विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी और प्रगति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।


**गन्नौर।** साक्षात्कार के लिए पहुंचे कंपनी के अधिकारी का स्वागत करते डायरेक्टर डा. नीरज। फोटो :हरिभूमि


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान जानकारी देती वक्ता साथ में विद्यालय स्टाफ।

### क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्या सुदेश बाल्यान ने कहा कि एनईपी विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्षमता निर्माण कार्यक्रम की रिसोर्सपर्सन निधि जैन रहीं। उन्होंने शिक्षकों को एनईपी की व्यापक जानकारी प्रदान की और साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। निधि जैन ने एनईपी के उद्देश्यों, शिक्षण-पद्धति और कक्षा-शिक्षण के नए प्रारूपों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हैप्पी चाइल्ड विद्यालय की निर्देशिका तमन्ना निझावन ने कहा कि नई शिक्षा नीति को समझना तथा उसे शिक्षण प्रक्रिया में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी के माध्यम से हम शिक्षण को विद्यार्थियों के लिए रोचक और प्रभावशाली बना सकते हैं।

### एक दिवसीय इन्जेन टी एक्सपो 2025 आइडिया जनरेशन प्रतियोगिता

# व्यवसाय में सफलता के लिए निरंतर नवाचार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन द्वारा एक दिवसीय इन्जेन टी एक्सपो 2025 आईडिया जनरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उक्त केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. अंशु भारद्वाज ने की। उनके अनुसार इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विवि में उद्यमशीलता संस्कृति को बनाए रखना है। मुख्य वक्ता एमएसएम ई मंत्रालय, नई दिल्ली से असिस्टेंट डायरेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि रचनात्मकता व नवाचार योजनाबद्ध परिवर्तन की विशेष किस्में हैं, जिन्हें उद्यमी अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से तलाशते हैं। व्यवसाय एक रचनात्मक गतिविधि है। व्यवसाय में सफलता के लिए निरंतर नवाचार की आवश्यकता होती है। समस्याओं के लिए नए समाधान ढूंढना और बदलते बाजार के लिए नए उत्पादों या सेवाओं का आविष्कार करने की क्षमता, बौद्धिक पूंजी का हिस्सा हैं। सतीश कुमार ने बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न प्रकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, औद्योगिक डिजाइन, भौगोलिक इंडिकेशन के बारे में विस्तार से बात की। बताया कि पेटेंट किसी आविष्कार को सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे आविष्कारक को 20 साल तक उस आविष्कार को बनाने, उपयोग करने या बेचने का अधिकार प्राप्त होता है व कॉपीराइट साहित्यिक और कलात्मक कार्यों जैसे किताबें, संगीत, चित्र की अभिव्यक्ति की सुरक्षा करता है। मुख्य वक्ता ने अपशिष्ट पर बोलते कहा कि बढ़ते शहरीकरण और उसके प्रभाव से निरंतर बदलती जीवनशैली ने आधुनिक समाज के सम्मुख घरेलू तथा औद्योगिक स्तर पर उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के उचित प्रबंधन की गंभीर चुनौती प्रस्तुत की है।


**गोहाना।** निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं

कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजिंग सक्रेटरी डॉ. ए पी नायक के अनुसार एग्रीकल्चर साइंस प्रतियोगिता में छात्रा अश्विन, बेसिक साइंस प्रतियोगिता में तमन्ना, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हिमांशी, हेल्थ साइंस में दीक्षा और सोशल साइंस में तनीषा तथा इंटर डिसिप्लिनरी में विजेता ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सतीश कुमार, डॉ. सुमन कुहाड़, डॉ. प्रमोद मलिक, डॉ. सुनीता व डॉ. ज्योति ने निभाई।


**खरखौदा।** प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आउटरीच प्रोग्राम तथा हरकोफेड के सहयोग के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म निर्भर भारत की शुरुआत की गई। इस आयोजन का प्रारंभ प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस प्रशिक्षण शिविर में दो प्रकार के प्रशिक्षण शामिल हैं। पहली तरह के प्रशिक्षण में जूट से बनाने वाले सामान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरी तरह के प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के अचार, मुरब्बा व जैम इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने सभी विद्यार्थियों व प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आउटरीच प्रोग्राम की इंचार्ज किरण सरोहा बताया कि कॉलेज विद्यार्थियों के साथ साथ नजदीक गांव की महिलाएं व पूर्व छात्राओं को भी इसमें शामिल किया गया है।

अवैध अतिक्रमण पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

# अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा जीटी रोड से हटवाए अवैध होर्डिंग्स

- नगर निगम की टीम ने पुलिस दलबल के साथ नरेला रोड पर 40 अवैध निर्माण तोड़े
- कुंडली नपा ने जीटी रोड पर अवैध होर्डिंग हटाने के साथ प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने वालों को दिए नोटिस
- नरेला रोड पर स्थानीय लोगों ने जिंदल विवि के सामने अवैध कब्जों दी थी शिकायत





सोनीपत। नरेला रोड पर अवैध निर्माण को जेसीबी के जरिये हटाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को पुलिस दलबल के साथ सोनीपत नरेला रोड पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान कुल 40 जगहों पर पीला पंजा चलाते हुए अवैध निर्माण हटाए गए। इस दौरान जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सामने रखे गए अवैध रेस्टारेंट, कैफों पर भी कार्रवाई की गई। हालांकि कार्रवाई के दौरान टीम को विरोध का सामना भी करना पड़ा। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने विरोध करने वाले लोगों को मौके से हटा दिया। जिसके बाद कार्रवाई शांतिपूर्वक अंजाम दी गई। कैफे और रेस्टोरेंटों में कई बार हुक्का बार भी चलते मिले हैं।

यहां हो रही अवैध गतिविधियों को लेकर आसपास के लोग भी परेशान थे। मुख्यमंत्री को की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को कार्रवाई करते हुए जीटी रोड के साथ विभिन्न जगह से अवैध होर्डिंग हटाए गए। नगर पालिका कुंडली द्वारा की गई कार्रवाई का नेतृत्व पालिका के सचिव द्वारा किया गया। इसके अलावा नगर पालिका कुंडली क्षेत्र में संपत्ति कर ना चुकाने वाले 15 लोगों को नोटिस भी भेज गए हैं। इन लोगों का संपत्ति कर 5-5 लाख रुपये से अधिक बकाया है।

### यूनिवर्सिटी के सामने होती थी अवैध गतिविधियां

ट्यूलिप बिल्डर सोसाइटी प्रबंधन ने करीब दो महीने पहले मुख्यमंत्री को शिकायत दी थी। उसमें बताया था कि नरेला रोड पर ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के पास लोगों ने अवैध निर्माण कर लिए। वहीं, सड़क किनारे कब्जा कर खोखे भी रख लिए थे। आसपास के लोगों ने भी नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत दी थी। उनका कहना था कि यहां अवैध तरीके से रेस्टोरेंट, कैफे बनाकर और खोखे रखकर मादक पदार्थ भी बेचे जा रहे थे। मुख्यमंत्री को मिली शिकायत के बाद नगर निगम के सहायक अभियंता सुरेश लोहान और भवन निरीक्षक आंनद किशोर की टीम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण पर हटाया। टीम को विरोध का सामना भी करना पड़ा। हालांकि नगर निगम की टीम के साथ मौजूद पुलिस बल ने उनको वहां से हटा दिया। निगम अधिकारियों ने दोबारा अवैध कब्जे करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

### सचिव ने दी चेतावनी

नगर पालिका कुंडली ने अपने क्षेत्र में जीटी रोड मंगलवार को किनारे अवैध लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाया। इसके लिए कई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। नगर पालिका सचिव ने चेतावनी दी कि दोबारा अवैध होर्डिंग लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध होर्डिंग्स की वजह से सड़क हादसे होने का खतरा भी बना रहता है।

### अब तीन दिन में भरना होगा बकाया संपत्ति कर

कुंडली नपा क्षेत्र में करीब 50 लोग ऐसे हैं जो अपनी भू-संपत्ति का समय पर संपत्ति कर नहीं चुका रहे हैं। इन पर पांच-पांच लाख रुपये से अधिक का संपत्ति कर बकाया है। नपा ने 15 प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर अपना बकाया संपत्ति कर चुकाने की चेतावनी दी। नगरपालिका कुंडली ने वित्त वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर से एक करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य रखा है। नगरपालिका में 66 लाख रुपये गृह कर जमा हो चुका है। क्षेत्र में कई फैक्टरी संचालक और दूसरे भवनों के मालिक कई वर्ष से संपत्ति कर नहीं चुका रहे हैं।

## 60 साल पुराना कब्जा अमला फिर बैरंग लौटा

खरखौदा। कोर्ट के आदेश पर 8 गज जमीन का कब्जा हटाने गया अमला विरोध के बाद बैरंग लौट गया। इससे पहले भी प्रशासन ने यहां कब्जा हटाने की कार्रवाई की थी। कुछ दुकानदारों और मकान मालिकों से समझौता हो गया था। लेकिन कुछ ने समझौता नहीं किया। उनकी जमीन पर कब्जा लिया गया और स्लॉटर हाउस भी तोड़ा गया। यह नगर पालिका के कब्जे में था। नपा ने इसे बनाने में लाखों रुपये खर्च किए थे। लेकिन प्रशासन ने इसे भी तोड़ दिया था। मंगलवार को फिर से 8 गज जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा। दुकान मालिक सुरेंद्र ने परिवार के साथ विरोध किया। उन्होंने बताया कि उनका कब्जा 60 साल पुराना है व निशानदेही में गड़बड़ी है। उन्हें कोई नोटिस या आदेश नहीं मिला। आदेश में किसी और का नाम है, लेकिन कब्जा उनकी दुकान पर लिया जा रहा है

# अव्यवस्थाः फसलों के उठान का नहीं डाला जा रहा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंडियों में आने वाली फसलों के उठान को लेकर व टेंडर में शर्तों को लेकर ट्रांसपोर्टर नाराज है। शर्तों से नाखुश ट्रांसपोर्टरों ने मंगलवार को कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर अधिकारी को अपनी मांगें रखी। जिन्हें आला अधिकारियों के पास भेजने आश्वासन दिया। जिले में सरसों की खरीद के लिए जहां सोनीपत अनाज मंडी, खरखौदा अनाज मंडी, गोहाना अनाज मंडी और गन्नौर अनाज मंडियों में खरीद केंद्र स्थापित किए है। वहीं गेहूं की खरीद के लिए प्रमुख मंडियों सहित 22 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए है। सरसों की खरीद के लिए 15 मार्च से पोर्टल ओपन कर दिया गया है, वहीं गेहूं के लिए पोर्टल 1 अप्रैल से खुलने की उम्मीद है।

### मार्च में होता है टेंडर

मंडियों में फसलों के उठान को लेकर फरवरी या मार्च में टेंडर की शुरुआत हो जाती है। इस बार जुर्माने लगाने सहित कई शर्ते ट्रांसपोर्टरों को मंजूर नही किया जायेगा। जिसके चलते अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों से मुलाकात की है। उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा।
सुरेन्द्र बानिया, प्रधान, ट्रक यूनियन।

### जल्द पूरी होगी प्रक्रिया

ट्रांसपोर्ट मांगों को लेकर कार्यालय में मिले है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जायेगा। उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। ताकि मंडी में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग की तरफ से समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।
विशाल सहरावत, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, सोनीपत।




सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

# छात्र श्रेयश व कुशाग्र ने प्रतियोगिता में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दौलताबाद स्टेडियम गुरुग्राम में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा राज्य स्तरीय स्केटिंग खेलों का आयोजन किया गया। इदसमें 20 जिलों से लगभग 35 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल, सोनीपत के दो खिलाड़ियों (श्रेयश और कुशाग्र) ने भाग लिया। श्रेयश ने 300 मीटर रेस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। कुशाग्र ने भी शानदार प्रदर्शन किया। श्रेयश के अभिभावक इस जीत से बहुत खुश थे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सैक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा व उनके कोच संजीव कुमार ने उनका स्वागत फूल मालाओं से किया।

## बृजेश हत्याकांड में 8वां आरोपी किया गिरफ्तार

खरखौदा। बरोणा गांव के बृजेश की हत्या में क्राइम यूनिट वेस्ट ने आठवें आरोपी को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी शान मोहम्मद उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है, जिसे न्यायालय में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया गया है। बीते वर्ष 16 सितंबर को बरोणा गांव की रहने वाली कमला ने शिकायत दी थी कि वर्ष 2017 में गांव के कुख्यात रवि उर्फ लांबा ने उसके छोटे बेटे की हत्या की थी। वह अभी भी रंजिश बनाए हुए था और अब उसने उसके बड़े बेटे बृजेश की हत्या कर दी है। कमला ने आरोप लगाया था कि आरोपी रवि उर्फ लांबा ने संदीप, सोनू, संदीप, मामन व एक अन्य के साथ मिलकर उसके बेटे की हत्या की है। पुलिस ने केस दर्ज किया था तथा इस मामले में अब तक पुलिस छह आरोपियों सचिन, राहुल, सचिन, जयदीप, संदीप, जोगिंद्र व आकाश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए क्राइम यूनिट वेस्ट, सोनीपत में तैनात एसआइ ओमवीर ने वारदात में संलिप्त आठवें आरोपी शान मोहम्मद को गिरफ्तार किया है।

## ग्लोबल स्कूल के अमन और रितिका ने जीते स्वर्ण पदक



गोहाना। राज्यस्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के दो मेधावी विद्यार्थी अमन और रितिका ने प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीते। पदक विजेता दोनों विद्यार्थियों को मंगलवार को स्कूल लौटने पर सम्मानित किया गया। समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। 16 मार्च को करनाल में राज्यस्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिला सोनीपत सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के जूडो प्रशिक्षण केंद्र के छात्र अमन ने 55 किलोग्राम भारवर्ग और रितिका ने 78 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों ने अपने कोच संदीप के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

## सुप्रीम कंपनी के नकली सीपीवीसी पाइप बेचते मिला दुकानदार, कापीराइट का मुकदमा दर्ज

गन्नौर। रेलवे रोड पर सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी की कापीराइट टीम ने एक दुकान पर छापेमारी कर कंपनी के नकली सीपीवीसी पाइप बरामद किए हैं। शिकायत में सुप्रीम इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि सोनू ने बताया कि उन्हें रेलवे रोड पर हरियाणा सीमेंट स्टोर पर कंपनी ब्रांड सुप्रीम के नाम से नकली पाइप बेचने की सूचना मिली थी। उन्होंने थाना गन्नौर पुलिस की टीम के साथ दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान मालिक राजीव कुमार सुप्रीम लाइफलाइन पाइप्स की नकल कर सुप्रीम रेडलाइन नाम से पाइप बेच रहा था। जिससे कंपनी व ग्राहकों को धोखा दिया जा रहा था। दुकान से 142 पाइप जब्त किए, जिन पर सुप्रीम रेडलाइन का मार्क लगा था। शिकायत पर पुलिस ने दुकानदार राजीव कुमार के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

